**ACTIVITIES BASED ON SOFT SKILLS**

**19.07.2023**


Activities based on soft skills, communication skills and life skills like health & hygiene were conducted by the department of botany on 19.07.23 (Wednesday) students of M.Sc. III Semester took part in this. They have been asked to bring potted medicinal plants and present their presentation based on habitat, flowering season, uses, work ethic, time management and team work skills during their presentation and answering the question of viewers. There after students of green army were made to understand the importance of hygiene by Dr. Vijay Laxmi niadu. She took the students to all the botanical gardens of the college for manitainance of plants and cleaning the place. Dr. Ranjana Shrivastava, Dr. G. S. Thakur, Dr. S. Kunjam, Dr. V. l. Naidu, Dr. S. Sen, prof. Moti Sahu and Dr. R. Lahre were present during these activities. There activities also helped in teaching the students critical thinking, leadership and emotional intelligence.












प्रति,

प्राचार्य
शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर
स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग (छ.ग.)

विषयः– विभागीय पूर्व छात्र–छात्राओं की बैठक रखने हेतु अनुमति बावत्।

महोदय,

विषयान्तर्गत लेख है कि दिनाक 19.06.2023 को विभाग में पूर्व छात्र–छात्राओं की बैठक रखी गई हैं।

उक्त कार्यक्रम हेतु अनुमति प्रदान करने का कष्ट करें।

धन्यवाद

For

विभागाध्यक्ष
डॉ राजेन्द्र कुमार चौबे

# <u>आवश्यक सूचना</u>

समाजशास्त्र विभाग के एम.ए. प्रथम एवं एम. ए. तृतीय सेमेस्टर के सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता हैं, कि दिनाक 19.06.2023 को पूर्व छात्र–छात्राओं की बैठक रखी गई हैं। उक्त तिथि को सभी विद्यार्थियों की उपस्थिति अनिवार्य हैं।

विभागाध्यक्ष
डॉ राजेन्द्र कुमार चौबे

# पूर्व छात्रों की बैठक

शासकीय विश्वनाथयादव तामस्कर स्नात्तकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग के समाजशास्त्र विभाग में 19.06.2023 को पूर्व छात्र–छात्राओं की बैठक रखी गई, जिसमें पूर्व के 39 विद्यार्थी उपस्थित थे, जिसमें विभागाध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र चौबे की अनुमति से कार्यक्रम को प्रारंभ किया गया इस कार्यक्रम का संचालन डॉ. एलिजाबेथ भगत द्वारा किया गया, इसमें विद्यार्थियों को उनके भविष्य के कैरियर के लिए मार्गदर्शन दिया गया, जिसमें उन्हें सामाजिक मेडिकल काउन्सलर, सोशल वर्कर, सोशल इन्जिनियर, व्याख्याता आदि पद हेतु नौकरी की संभावनाएं बनती हैं, तथा नेट, सेट एवं पी.एस.सी के लिए किस प्रकार से तैयारी की जायें, इस हेतु मार्गदर्शन किया गया।






प्रति,

प्राचार्य
शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर
स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग (छ.ग.)

विषयः— मुख्यमंत्री युवा संवाद कार्यक्रम हेतु विद्यार्थियों को ले जाने हेतु अनुमति बावत्।

महोदय,

विषयान्तर्गत लेख है कि दिनाक 04.08.2023 को विभाग के छात्र—छात्राओं को मुख्यमंत्री युवा संवाद कार्यक्रम हेतु विद्यार्थियों को ले जाने हेतु अनुमति प्रदान करने का कष्ट करें।

धन्यवाद

For
विभागाध्यक्ष
डॉ राजेन्द्र कुमार चौबे

<u>**आवश्यक सूचना**</u>

समाजशास्त्र विभाग के एम.ए. प्रथम एवं एम. ए. तृतीय सेमेस्टर के सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता हैं, कि दिनांक 04.08.2023 को युवा संवाद का आयोजन रखा गया हैं। उक्त तिथि को सभी विद्यार्थियों की उपस्थिति अनिवार्य हैं।

विभागाध्यक्ष
डॉ राजेन्द्र कुमार चौबे

# मुख्यमंत्री युवा संवाद कार्यक्रम

अगस्त 2023 को मुख्यमंत्री युवा संवाद का आयोजन किया गया था, जिसमें शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में समाजशास्त्र विभाग के साथ महाविद्यालय परिवार के अन्य विभागों ने भी सहभागिता दी थी, जिसमें मुख्यमंत्री के समक्ष अपने विचारो व समस्याओं को रखने का प्रयास किया गया।



प्रति,

प्राचार्य
शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर
स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग (छ.ग.)

विषयः— स्वतंत्रता दौड़ हेतु विद्यार्थियों को ले जाने हेतु अनुमति बावत्।

महोदय,

समाजशास्त्र विभाग के एम.ए. प्रथम एवं एम. ए. तृतीय सेमेस्टर के सभी विद्यार्थियों को दिनांक 29.08.2023 को आयोजित स्वतंत्रता दौड़ कार्यक्रम हेतु ले जाने की अनुमति प्रदान करने का कष्ट करें।

For
विभागाध्यक्ष
डॉ राजेन्द्र कुमार चौबे

# <u>आवश्यक सूचना</u>

समाजशास्त्र विभाग के एम.ए. प्रथम एवं एम. ए. तृतीय सेमेस्टर के सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता हैं, कि दिनांक 29.08.2023 को स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन रखा गया हैं। उक्त तिथि को सभी विद्यार्थियों की उपस्थिति अनिवार्य हैं।

विभागाध्यक्ष
डॉ राजेन्द्र कुमार चौबे

# स्वतंत्रता दौड़ आयोजन

खेल व युवाविभाग द्वारा 29 अगस्त 2023 शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में स्वतंत्रता दौड़ आयोजन रखा गया, जिसमें समाजशास्त्र विभाग के स्नात्तकोत्तर के विद्यार्थियों एवं एन.सी.सी. के विद्यार्थियों नें संयुक्त रूप से भाग लिया।



प्रति,

प्राचार्य
शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर
स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग (छ.ग.)

विषयः– पी.पी.टी. प्रेजेंटेशन प्रशिक्षण अनुमति बावत्।

महोदय,

समाजशास्त्र विभाग के एम.ए. प्रथम एवं एम. ए. तृतीय सेमेस्टर के सभी विद्यार्थियों के लिए विभाग में दिनांक 10.09.2023 को पी.पी.टी. प्रेजेंटेशन प्रशिक्षण का आयोजन रखा गया हैं।

उक्त कार्यक्रम की अनुमति प्रदान करने का कष्ट करें।

For
विभागाध्यक्ष
डॉ राजेन्द्र कुमार चौबे

# <u>आवश्यक सूचना</u>

समाजशास्त्र विभाग के एम.ए. प्रथम एवं एम. ए. तृतीय सेमेस्टर के सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता हैं, कि दिनांक 10.09.2023 को पी. पी.टी. प्रेजेंटेशन प्रशिक्षण का आयोजन रखा गया हैं। उक्त तिथि को सभी विद्यार्थियों की उपस्थिति अनिवार्य हैं।

विभागाध्यक्ष
डॉ राजेन्द्र कुमार चौबे

## पी.पी.टी.प्रेजेन्टेशन ट्रेनिंग

10 सितम्बर 2023 शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग के समाजशास्त्र विभाग में स्नात्तकोत्तर के विद्यार्थियों को कम्प्युटर पर पी.पी.टी. प्रेजेन्टेशन की training दी गई, जिसका लाभ वे अपने भविष्य में शोध कार्य करने के लिए उपयोग कर सके। इस training को विभागाध्यक्ष Dr. Rajendra kumar choubey की अनुमति से विभाग के सहायक प्राध्यापक Dr. Elizabeth Bhagat की उपस्थिती में Dr. Reena Tamrakar और Shalini Meshram द्वारा दिया गया था।



प्रति,

प्राचार्य
शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर
स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग (छ.ग.)

विषयः– स्वच्छता अभियान का आयोजन की अनुमति बावत्।

महोदय,

समाजशास्त्र विभाग के एम.ए. प्रथम एवं एम. ए. तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा दिनांक 1.10.2023 को स्वच्छता अभियान का आयोजन रखा गया हैं।

उक्त कार्यक्रम की अनुमति प्रदान करने का कष्ट करें।

For
विभागाध्यक्ष
डॉ राजेन्द्र कुमार चौबे

# <u>आवश्यक सूचना</u>


समाजशास्त्र विभाग के एम.ए. प्रथम एवं एम. ए. तृतीय सेमेस्टर के सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता हैं, कि दिनांक 1.10.2023 को स्वच्छता अभियान का आयोजन रखा गया हैं। उक्त तिथि को सभी विद्यार्थियों की उपस्थिति अनिवार्य हैं।

विभागाध्यक्ष
डॉ राजेन्द्र कुमार चौबे

## स्वच्छता अभियान कार्यक्रम

1 अक्टूबर 2023 को शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में प्राचार्य Dr. R.N. singh के मार्गदर्शन में स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सभी विभागों के सदस्यों तथा विद्यार्थियों के साथ मिलकर विभागों व महाविद्यालय की साफ–सफाई का कार्य सफलता पूर्वक किया गया।



प्रति,

प्राचार्य
शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर
स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग (छ.ग.)

विषयः— सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम हेतु अनुमति बावत्।

महोदय,

समाजशास्त्र विभाग के द्वारा दिनाक 09.10.2023 को सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन रखा गया हैं।

उक्त कार्यक्रम की अनुमति प्रदान करने का कष्ट करें।

For
विभागाध्यक्ष
डॉ राजेन्द्र कुमार चौबे

# <u>आवश्यक सूचना</u>

समाजशास्त्र विभाग के एम.ए. प्रथम एवं एम. ए. तृतीय सेमेस्टर के सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता हैं, कि दिनाक 09.10.2023 को सामाजिक गतिविधि कार्यक्रम का आयोजन रखा गया हैं। उक्त तिथि को सभी विद्यार्थियों की उपस्थिति अनिवार्य हैं।

विभागाध्यक्ष
डॉ राजेन्द्र कुमार चौबे

## जागरूकता कार्यक्रम

09 अक्टूबर 2023 को शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग के समाजशास्त्र विभाग में सामाजिक गतिविधी के अर्न्तगत समाज को नशामुक्त बनाने के लिए विभाग के स्नात्तकोत्तर व एन.सी.सी. के छात्र–छात्राओं द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके अर्न्तगत रायपुर नाका के आस–पास की बस्ती में जाकर छात्र–छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक किया गया और उन्हें जागरूक करने के लिए नारें लगाये गये। छात्र–छात्राओं द्वारा जागरूकता कार्यक्रम के अर्न्तगत सिकलसेल की जानकारी भी दी गई तथा इस रोग के विषय पर लोगों से विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। महाविद्यालय के प्राचार्य की अनुमति से डॉ सपना शर्मा सारास्वत के संचालन मे यह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

जागरूकता रैली में विभाग से 32 विद्यार्थी शामिल हुए इस जागरूकता रैली में विवाह से पूर्व सिकल सेल कुण्डली का मिलान करना चाहिए, जिससे कि उनका परिवार स्वास्थ्य हो, और उनकी आने वाली पीढ़ी भी स्वस्थ्य हों। प्राचार्य महोदय द्वारा इस कार्यक्रम की प्रशंसा की गई ,जिसमें उन्होनें बताया कि नशा शरीर का नाश करती हैं, जिससे समाज को भी बहुत क्षति होती हैं, इसके लिए समाज को जागरूक बनाने की आवश्यकता हैं।



प्रति,

प्राचार्य
शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर
स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग (छ.ग.)

विषयः— शैक्षणिक भ्रमण हेतु सिरपुर जाना की अनुमति बावत्।

महोदय,

समाजशास्त्र विभाग के एम.ए. द्वितीय एवं एम. ए. चतुर्थ सेमेस्टर के सभी विद्यार्थियों को दिनाक 20.03.202 को शैक्षणिक भ्रमण हेतु सिरपुर जाना निर्धारित हुआ हैं।

उक्त कार्यक्रम की अनुमति प्रदान करने का कष्ट करें।

विभागाध्यक्ष
डॉ. अश्विनी महाजन

# <u>आवश्यक सूचना</u>

समाजशास्त्र विभाग के एम.ए. द्वितीय एवं एम. ए. चतुर्थ सेमेस्टर के सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता हैं, कि दिनाक 20.03.2024 को छात्र–छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण हेतु सिरपुर जाना निर्धारित हुआ हैं। उक्त तिथि को सभी विद्यार्थियों की उपस्थिति अनिवार्य हैं।

विभागाध्यक्ष

डॉ. अश्विनी महाजन

# शैक्षणिक भ्रमण

दिनांक 20.03.2024 को शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्वशासी महाविद्वालय दुर्ग (छ.ग.) के समाजशास्त्र विभाग के स्नात्तकोत्तर के छात्र–छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण हेतु सिरपुर ले जाया गया । डॉ अश्विनी महाजन विभागाध्यक्ष व प्रोफेसर समाजशास्त्र विभाग की अध्यक्षता में यह भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, डॉ एम. ए. सिद्दीकी प्रभारी प्राचार्य की अनुमति से डॉ रीना ताम्रकार और शालिनी मेश्राम अतिथि व्याख्याता समाजशास्त्र विभाग के साथ स्नात्तकोत्तर के द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर के सभी विद्यार्थियों द्वारा यह भ्रमण किया गया।




सिरपुर छत्तीसगढ़ के महासमुन्द जिले में स्थित हैं तथा यह प्राचीन स्थलों, ऐतिहासिक स्मारकों और जीवंत सांस्कृतिक परंपराओं के लिए प्रसिद्ध हैं। सिरपुर में छात्र–छात्राओं ने गंधेश्वर महादेव के मंदिर का दर्शन किया तथा वहां शिल्प से बने हुए शिलालेखों व शिला से बनी मूर्तियों का परिक्षण किया एवं मंदिर के पीछे महानदी के संगम का निरिक्षण किया ।

सिरपुर के प्रमुख लक्ष्मणेश्वर मंदिर के दर्शन का लाभ भी छात्र–छात्राओं को मिला, इस मंदिर के प्रांगण में चारों तरफ हरियाली हैं, यहां के स्थानीय लोंगो से वार्तालाप के दौरान यह जानकारी प्राप्त हुई कि यह मंदिर भारत का पहला ऐसा मंदिर हैं, जो लाल पत्थरों से बना हैं, यहां कि नक्काशी में नागा शैली का प्रयोग किया गया हैं। इस मंदिर की प्रमुख विशेषता गर्भगृह की संरचना और मंदिर के प्रांगण में लगा हुआ तोरण हैं, जो अविस्मरणीय है।



लक्ष्मण मंदिर के पीछे संग्रहालय हैं, जिसकी देखरेख की जिम्मेदारी पुरातत्व विभाग छत्तीसगढ़ की हैं, सिरपुर में पुरातत्व विभाग द्वारा खुदाई के दौरान प्राप्त मूर्तियों व कला–कृतियों का संग्रहण हैं, इस संग्रहालय को तीन भागों में विभक्त किया गया हैं, तथा यह तीनों स्थलों पर कलाकृतियां मनमोह व दर्शनीय हैं।

इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान 5वीं–8वीं सदी के खुदाई के दौरान प्राप्त प्राचीन मूर्तियों को देखने का अवसर प्राप्त हुआ, साथ ही संस्कृति को भी जानने का अवसर प्राप्त हुआ हैं।



प्रति,

प्राचार्य
शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर
स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग (छ.ग.)

विषयः– विस्तार गतिविधि हेतु ग्राम गुजरा जाने की अनुमति बावत्।

महोदय,

समाजशास्त्र विभाग के एम.ए. द्वितीय एवं एम. ए. चतुर्थ सेमेस्टर के सभी विद्यार्थियों दिनाक22.03.2024 को विस्तार गतिविधि हेतु ग्राम गुजरा जाना निर्धारित हुआ हैं।

उक्त कार्यक्रम की अनुमति प्रदान करने का कष्ट करें।

विभागाध्यक्ष

डॉ. अश्विनी महाजन

# <u>आवश्यक सूचना</u>

समाजशास्त्र विभाग के एम.ए. द्वितीय एवं एम. ए. चतुर्थ सेमेस्टर के सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता हैं, कि दिनाक 22.03.2024 को छात्र–छात्राओं को विस्तार गतिविधि हेतु ग्राम गुजरा जाना निर्धारित हुआ हैं। उक्त तिथि को सभी विद्यार्थियों की उपस्थिति अनिवार्य हैं।

विभागाध्यक्ष

डॉ. अश्विनी महाजन

## विस्तार गतिविधि

दिनांक 22.03.2024 को शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग (छ.ग.) के समाजशास्त्र विभाग के स्नात्तकोत्तर के छात्र–छात्राओं को विस्तार गतिविधि हेतु ग्राम – गुजरा, जिला – बालोद ले जाया गया । डॉ अश्विनी महाजन विभागाध्यक्ष व प्रोफेसर समाजशास्त्र विभाग की अध्यक्षता में डॉ एम. ए. सिद्दीकी प्रभारी प्राचार्य की अनुमति से डॉ रीना ताम्रकार और शालिनी मेश्राम अतिथि व्याख्याता समाजशास्त्र विभाग के साथ स्नात्तकोत्तर के द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर के सभी विद्यार्थियों द्वारा इस कार्यक्रम को संचालित किया गया।

इसके अर्न्तगत स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों को गुजरा ग्राम के जनजातियों व उनकी परंपरा को देखने का अवसर प्राप्त हुआ, वहां के स्थानीय जनजातियों का विद्यार्थियों द्वारा साक्षात्कार अनुसुची के माध्यम से तथ्यों का संग्रहण किया गया, जिससे उन्हें वहां कि संस्कृतियों को जानने का अवसर प्राप्त हुआ और वे उनकी समस्याओं से अवगत हुए।




सर्वेक्षण के माध्यम से यह जानकारी प्राप्त हुई कि वर्तमान में जनजाति अपनी मूलभूत संस्कृति से विलग हो रही हैं, इसका कारण समाज में आधुनिकता के बढ़ने से हैं, परन्तु यहां के कुछ स्थानीय जनजाति समाज के लोंगों और अन्य गैर सरकारी संस्था इनकी संस्कृतियों को बढ़ावा देने का प्रयास कर रही हैं।

महिलाओं में स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता के लिए छात्राओं द्वारा ग्राम की महिलाओं से मिलकर मासिक घर्म के समय कपड़ा उपयोग करने से होने वाली समस्याओं के बारे में बताया गया तथा सैनेटरी पैड की उपयोगिता को समझाया गया व छात्राओं द्वारा ग्राम की महिलाओं को सैनेटरी पैड का वितरण किया गया।



प्रति,

प्राचार्य
शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर
स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग (छ.ग.)

विषयः– जागरूकता कार्यक्रम हेतु धमधा जाने की अनुमति बावत्।

महोदय,

समाजशास्त्र विभाग के एम.ए. द्वितीय एवं एम. ए. चतुर्थ सेमेस्टर के सभी विद्यार्थियों को दिनाक 23.03.2024 को जागरूकता कार्यक्रम हेतु धमधा जाना निर्धारित हुआ हैं। उक्त कार्यक्रम की अनुमति प्रदान करने का कष्ट करें।

विभागाध्यक्ष
डॉ. अश्विनी महाजन

## आवश्यक सूचना

समाजशास्त्र विभाग के एम.ए. द्वितीय एवं एम. ए. चतुर्थ सेमेस्टर के सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता हैं, कि दिनाक 23.03.2024 को छात्र–छात्राओं को जागरूकता कार्यक्रम हेतु धमधा जाना निर्धारित हुआ हैं। उक्त तिथि को सभी विद्यार्थियों की उपस्थिति अनिवार्य हैं।

विभागाध्यक्ष

डॉ. अश्विनी महाजन

# जागरूकता कार्यक्रम

दिनांक 23.03.2024 को शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग (छ.ग.) के समाजशास्त्र विभाग के स्नात्तकोत्तर के छात्र–छात्राओं को जागरूकता कार्यक्रम हेतु ग्राम –धमधा, जिला– दुर्ग ले जाया गया । डॉ अश्विनी महाजन विभागाध्यक्ष व प्रोफेसर समाजशास्त्र विभाग की अध्यक्षता में एवं डॉ एम. ए. सिद्दीकी प्रभारी प्राचार्य की अनुमति से डॉ रीना ताम्रकार और शालिनी मेश्राम अतिथि व्याख्याता समाजशास्त्र विभाग के साथ स्नात्तकोत्तर के द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर के सभी विद्यार्थियों द्वारा इस कार्यक्रम को संचालित किया गया।




इस कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं ने साक्षात्कार द्वारा मतदान और उससे संबंधित उनके विचारों को जानने का प्रयास किया एवं वहां के स्थानीय लोगों को मतदान के लिए जागरूक भी किया गया तथा उन्हें अपने मताधिकार के बारे में अवगत भी कराया गया।



ग्राम धमधा में छात्र–छात्राओं ने यहां के ग्राम पंचायत व विद्यालयों का भ्रमण किया इस कार्यक्रम के अन्तरगत छात्र–छात्राओं द्वारा ग्राम के निवासियों से प्रौढ़ शिक्षा के बारे में वार्तालाप किया गया , जिसमें उन्होनें पाया कि लगभग यहां कि अधिकांश निवासी प्रौढ़ शिक्षा से अवगत हैं।



प्रति,

प्राचार्य
शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर
स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग (छ.ग.)

विषयः— एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन की अनुमति बावत्।

महोदय,

समाजशास्त्र विभाग के एम.ए. द्वितीय एवं एम. ए. चतुर्थ सेमेस्टर के लिए दिनाक 24.04.2024 को विभाग में एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया जाना हैं।

उक्त कार्यक्रम की अनुमति प्रदान करने का कष्ट करें।

विभागाध्यक्ष
डॉ. अश्विनी महाजन

# <u>आवश्यक सूचना</u>

समाजशास्त्र विभाग के एम.ए. द्वितीय एवं एम. ए. चतुर्थ सेमेस्टर के सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता हैं, कि दिनाक 24.04.2024 को विभाग में एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया जाना हैं। उक्त तिथि को सभी विद्यार्थियों की उपस्थिति अनिवार्य हैं।

विभागाध्यक्ष

डॉ. अश्विनी महाजन

# अतिथि व्याख्यान

दिनॉक 24 अप्रैल 2024 को समाजशास्त्र विभाग में डॉ अश्विनी महाजन विभागाध्यक्ष व प्रोफेसर समाजशास्त्र विभाग की अध्यक्षता में एवं डॉ एम. ए. सिद्दीकी प्रभारी प्राचार्य की अनुमति से एक दिवसीय व्याख्यान का आयेजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में वंदना वैष्णव शामिल हुई। इस व्याख्यान में वंदना वैष्णव ने अपने कार्य अनुभवों को बताया एवं समाजिक कार्य करने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। इस व्यााख्यान में उन्होनें लघु एवं कुटिर उद्योग में अपने सहयोग व अनुभवों को विद्यार्थियों को अवगत कराया। इनके अनुभव व कार्यकुशलता से विद्यार्थी लाभान्वित हुए।





प्रति,

प्राचार्य
शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर
स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग (छ.ग.)

विषयः— एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन की अनुमति बावत्।

महोदय,

समाजशास्त्र विभाग के एम.एस.डब्लू. द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के लिए दिनाक 25.04.2024 को विभाग में एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया जाना हैं।

उक्त कार्यक्रम की अनुमति प्रदान करने का कष्ट करें।

विभागाध्यक्ष
डॉ. अश्विनी महाजन

# **आवश्यक सूचना**

समाजशास्त्र विभाग के एम.ए. द्वितीय एवं एम. ए. चतुर्थ सेमेस्टर के सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता हैं, कि दिनाक 25.04.2024 को विभाग में एक दिवसीय व्याख्यााान का आयोजन किया जाना हैं। उक्त तिथि को सभी विद्यार्थियों की उपस्थिति अनिवार्य हैं।

विभागाध्यक्ष

डॉ. अश्विनी महाजन

# अतिथि व्याख्यान

दिनॉक 25 अप्रैल 2024 को समाजशास्त्र विभाग में डॉ अश्विनी महाजन विभागाध्यक्ष व प्रोफेसर समाजशास्त्र विभाग की अध्यक्षता में एवं डॉ एम. ए. सिद्दीकी प्रभारी प्राचार्य की अनुमति से एक दिवसीय व्याख्यान का आयेजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. वर्निका शर्मा राष्ट्रीय महासचिव (राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच) शामिल हुई। इस व्याख्यान में डॉ. वर्निका शर्मा ने अपने कार्य अनुभवों को बताया एवं समाजिक कार्य करने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया।



